# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024






EISH-ING YOU

A HAPPY DHANTERAS!

Choose from 10,000+ modern designs.
Fine Jewellery starts from ₹10,000 onwards till ₹1 crore.

EiSH®

A Modern You

by anand Jewels

PANDRI, RAIPUR

Open to the world of Eish on page 2 and 3





## WHAT MAKES EISH A GREAT CHOICE?

Lifetime Service & Repair*

**(DEF colour & VVS clarity)** Exclusive, top quality natural dimonds unmatched across India.

100% Buyback* on gold, diamond, polki

100% Buyback* on old gold also as per purity

HONEST
24 carat
22 carat
18 carat

Find your signature piece from Eish also at ANAND JEWELS, PANDRI, RAIPUR

*Conditions apply. Gold rates applied at the time of printing + 3% GST extra




PRICE CALCULATOR*

| | |
|---|---|
| 100% | ₹7849/gm |
| 91.6% | ₹7189/gm |
| 75% | ₹5887/gm |

EiSH®
by anand Jewels

NRK HIGH STREET, A.B. ROAD, INDORE

EISHBYANAND

# कास्टिंग काउच से हुआ सामना

**नई दिल्ली।** ईशा कोप्पिकर इन दिनों बॉलीवुड से ज्यादा साउथ और मराठी फिल्मों में नजर आ रही हैं। हाल ही में उन्होंने कास्टिंग काउच से जुड़ा एक बयान दिया। इस बयान ने एक बार फिर बॉलीवुड के काले पक्ष को सबके सामने लाकर खड़ा कर दिया। ईशा कोप्पिकर ने साल 2000 में हिंदी फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। कुछ ही समय में वह अपने लिए बॉलीवुड में अलग पहचान बनाने में कामयाब रही। एक तरफ उन्होंने जहां अच्छी भूमिकाएं कई फिल्मों में कीं और अभिनय करने का खूब आनंद लिया, वहीं बॉलीवुड के एक स्याह पक्ष से भी ईशा रूबरू हुई। दरअसल, उन्हें अपने करियर के शुरुआती दौर में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा। इसी बारे में एक इंटरव्यू में ईशा कोप्पिकर ने खुलकर बात की। ईशा बताती हैं, 'मेरी उम्र उस समय महज 18 साल रही होगी। मुझे उस समय एक नामी हीरो के सेक्रेटरी ने संपर्क किया। उन्होंने कहा कि अगर काम पाना है तो अभिनेता के साथ थोड़ा फ्रेंडली होना होगा।



# 22 को 'करण अर्जुन' सिनेमाघरों में होगी री-रिलीज


*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म 'करण अर्जुन' के डायलॉग और गानों को प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। मेकर्स ने फिल्म को रि-रिलीज करने की घोषणा की है। इस फिल्म को 22 नवंबर को फिर से रिलीज किया जाएगा। फिल्म का नया टीजर जारी हो चुका है। इस फिल्म में अमरीश पुरी ने खलनायक की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम दुर्जन सिंह था। फिल्म के डायलॉग को प्रशंसकों ने भी पसंद किया। पुनर्जन्म और बदला लेने पर आधारित यह फिल्म दो भाइयों, करण और अर्जुन की कहानी है। जो पारिवारिक झगड़े के कारण अलग हो जाते हैं। भाग्य उन्हें उनके अगले जन्म में फिर से मिलाता है, जब वे न्याय और मुक्ति की तलाश करते हैं।*






# 'विजय 69' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर की आगामी फिल्म 'विजय 69' है। सोमवार को निर्माताओं ने विजय 69 फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ यह जानकारी दी है कि फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज होगा। इस फिल्म का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। पोस्ट के साथ लिखा है, 'इन्हें सपने ने जिंदा रखा, फिर सपनों ने इन्हें जिंदा रखा है।' इसके अलावा अनुपम खेर ने एक और पोस्ट साझा किया है, इसमें वे अपने 40 साल की फिल्मी यात्रा को याद करते नजर आए हैं। एक्टर ने लिखा है, 'दोस्तों! मुझे याद ही नहीं रहा कि मैंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल पूरे कर लिए हैं। मेरी आगामी रिलीज विजय 69 की मार्केटिंग मीटिंग के दौरान मुझसे कम से कम 30-40 साल छोटे लोगों ने मुझे इस बारे में बताया। इसने मुझे भावुक कर दिया। मेरा काम दर्शकों का दिल छू गया, यह भी मालूम हुआ'। एक्टर ने आगे लिखा है, 'मुझे खुद के एक कलाकार होने पर गर्व है और इस अनुभव के बाद एक बार फिर ऐसा ही गर्व महसूस हुआ।








# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024





## चिंतन

# प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के स्थाई उपाय किए जाएं

दो दिन बाद दीपावली है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व एनसीआर की आबोहवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रही है, वायु प्रदूषण कम करने के उपाय कर रही है, एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) सरकारों और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों पर सख्त है, सुप्रीम कोर्ट भी लगातार चेतावनी दे रहा है, फिर भी दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में हवा दमघोंटू बनी हुई है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ा हुआ है कि लोगों के लिए स्वच्छ ऑक्सीजन मिलना कठिन हो गया है, श्वास जनित मरीजों की तादाद बढ़ रही है। वायु प्रदूषण स्तर अधिक होने के लिए दिल्ली-एनसीआर की तुलना गैस चैंबर से होने लगी है। कमाल की बात है कि दिवाली से करीब एक माह पहले तंत्र के सभी अंग जगते हैं और बढ़ते प्रदूषण को लेकर चेताने लगते हैं। यह ट्रेंड वर्षों से हैं, वर्ष के बाकी समय इतिश्री मोड में रहते हैं। यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक कार्ययोजना के तहत वर्ष भर प्रयास किए जाएंगे तो दिवाली के समय ऐसी खतरनाक स्थिति नहीं बनेगी। प्रतिबंध के बावजूद पटाखे बिकते हैं। सरकार अगर काम पर फोकस करे, तो राज्यों का अधिक भला होगा। दुखद स्थिति है कि प्रशासनिक पदों पर आसीन लोग भी जनकल्याण छोड़कर राजनीति के अंग बन जाते हैं। ऐसे में प्रदूषण कैसे कम होगा। जब तक शासन व प्रशासन हरित विकास मॉडल को आगे नहीं बढ़ाएंगे, प्रदूषण के स्रोतों पर लगाम नहीं लगाएंगे, जलवायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कड़े मानदंडों का पालन नहीं करवाएंगे, तब तक शहरों की आबोहवा जीने लायक कैसी बनेगी? संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए देशों की मौजूदा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के स्तर के मुकाबले महज 2.6 फीसदी की कमी ला पाएंगी। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की संस्था, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल ने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक उत्सर्जन में 2030 तक 43 फीसदी और 2035 तक 60 फीसदी कमी लाना जरूरी होगा। ताजा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के हिसाब से 2030 में कुल वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन (भूमि उपयोग, भूमि उपयोग परिवर्तन एवं वानिकी और एलयूएलयूसीएफ को छोड़कर) लगभग 51.5 (48.3-54.7) गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होगा। यह स्तर 1990 के मुकाबले 49.8 फीसदी और 2010 के मुकाबले 8.3 फीसदी अधिक, जबकि 2019 की तुलना में 2.6 प्रतिशत और 2025 के अनुमानित स्तर की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम होगा, जिससे संकेत मिलता है कि वैश्विक उत्सर्जन 2030 से पहले ही चरम पर पहुंच सकता है। यूएन की इस रिपोर्ट से साफ है कि तापमान कम करने की दिशा में भारत समेत विश्व के अधिकांश देशों का रवैया बहुत ढीला है। हाल के वर्षों में अत्यधिक सर्दी व गर्मी पड़ रही है, जो जलवायु परिवर्तन के चलते हो रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनहाउस गैस का स्तर 2023 में एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया जिसमें पिछले केवल दो दशकों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारत सरकार को अलर्टमोड में आकर पर्यावरण की सेहत बिगाड़ने वाले कारकों को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वरना केवल दिवाली के मौके पर ही नहीं, वरन सालभर देश की आबोहवा जहरीली बनी रहेगी। प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के त्वरित व स्थाई उपाय किए जाने की आवश्यकता है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# पश्चिम एशिया ने बढ़ाई आर्थिक चिंताएं

वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है।

हाल ही में 26 अक्टूबर को इजरायल के द्वारा ईरान के हमले के जवाब में ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इजराइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं।

स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। चूंकि कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढ़ने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूँकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों के करीब 80 फीसदी तक आयात पर निर्भर है। एक चिंताजनक बात यह भी है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है।

ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय



अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 27 सितंबर को भारत के पास रिकॉर्ड स्तर पर 704 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

फिर भी पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत को महंगाई पर सतर्क निगाहें रखनी होंगी। विगत 14 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज, टमाटर के साथ हरी सब्जियों की कीमतों में करीब 36 फीसदी वृद्धि तथा महंगी हुई दालों ने सितंबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर को नौ माह के उच्चतम स्तर 9.24 प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जोकि माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल से सितंबर में थोक महंगाई दर भी 1.84 प्रतिशत पर पहुंची है, जो कि माह अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी। खुदरा और थोक महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि आलू, प्याज और टमाटर के दाम कम नहीं होने से जो खुदरा महंगाई दर सितंबर माह में पांच प्रतिशत के पार हो गई, वह माह अक्टूबर में भी पांच फीसदी के पार जा रही है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था और अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। ऐसे बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संघर्ष और विस्तारित होते रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से बहुत कुछ बचाया जा सकेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष
चेतनादित्य आलोक




# ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा विज्ञानी भगवान धन्वंतरि

दिवाली से दो दिन पहले यानी कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला अत्यंत लोकप्रिय त्योहार 'धनतेरस' या 'धनत्रयोदशी' सनातन धर्म में धन-धान्य ही नहीं, बल्कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की भी समृद्ध विरासत का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यही वह दिन है, जब समुद्र मंथन के दौरान ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा-विज्ञानी भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। समुद्र से निकले कुल 14 रत्नों में तेरहवें क्रम में प्रकट हुए चतुर्भुजधारी भगवान धनवंतरि के एक हाथ में आयुर्वेद शास्त्र, दूसरे में वनस्पति यानी औषधि, तीसरे में शंख, और चौथे हाथ में अमृत-कलश था। बता दें कि इससे पूर्व समुद्र से 12 रत्न निकल चुके थे, जिनमें आश्विन महीने की पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा को चंद्रदेव तथा कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय का प्राकट्य होना शामिल है। समुद्र से निकले रत्नों में सर्वप्रथम 'कालकूट' विष निकला था, जिसके ताप से समस्त सृष्टि में हाहाकार मच गया था। सभी देवता और दानव उस विष के ताप से जलने लगे और उनकी चमक फीकी पड़ने लगी। तत्पश्चात सभी ने मिलकर भगवान शिव से प्रार्थना की। उनकी प्रार्थना से द्रवित होकर महादेव भगवान शिव ने इसका पान कर अपने कण्ठ में धारण कर लिया। हलाहल विष के प्रभाव से भगवान शिव का कण्ठ नीला पड़ गया, जिसके कारण वे 'नीलकण्ठ' कहलाए। विषपान के बाद शारीरिक दाह मिटाने हेतु भगवान शिव को भगवान धनवंतरि ने ही अमृत प्रदान किया था। श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित है कि भगवान धनवंतरि की छवि अत्यंत मोहक थी। उनका शरीर बादलों-सा उज्ज्वल और प्रदीप्त था। उनके नेत्र कमल के समान सुंदर और मोहक थे। उनका वक्ष सख्त एवं विशाल था और उनके हाथ लम्बे थे। गले में अनेक प्रकार के रत्नाभूषणों एवं विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला तथा शरीर पर पीताम्बर धारण करने वाले भगवान धनवंतरि चिर युवा प्रतीत होते थे। ग्रंथों में वर्णन है कि भगवान धनवंतरि ने प्रकट होते ही आयुर्वेद का परिचय कराया था। यही कारण है कि देवी-देवताओं के वैद्य भगवान धनवंतरि को आयुर्वेद महाविज्ञान का प्रवर्तक भी माना जाता है। हालांकि आयुर्वेद महाविज्ञान के संबंध में स्थापित सत्य यह है कि सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने एक लाख श्लोकों वाले आयुर्वेद शास्त्र की रचना की। इसीलिए इसका एक नाम 'ब्रह्म-संहिता' भी है। भगवान धनवंतरि के प्राकट्य से पहले आयुर्वेद गुप्त था। एक पौराणिक कथानुसार भूलोक में प्राणियों को बीमारियों से पीड़ित एवं मृत्यु का शिकार होते देख भगवान श्रीहरि विष्णु को दया आ गई। उन्होंने 'चर' की भांति छिपकर विशुद्ध नामक ऋषि के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया और 'चरक' कहलाए। बाद में उन्होंने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित विविध संहिताओं को परिमार्जित कर 'चरक संहिता' नामक महान चिकित्सा शास्त्र की रचना भी की। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने भूलोक पर देखा कि बड़ी संख्या में लोग रोगग्रस्त हो रहे हैं। उसके बाद उनकी प्रेरणा से भगवान धनवंतरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में अवतार लिया। कालांतर में अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा से महर्षि सुश्रुत अपने साथ एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और राजा दिवोदास, जिन्हें 'काशीराज' भी कहा जाता था, से आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की। बाद में उन ऋषि-मुनियों ने लोक-कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की। महर्षि सुश्रुत द्वारा रचित संहिता का नाम 'सुश्रुत-संहिता' है, जो आयुर्वेद का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। गौरतलब है कि उन ऋषि-मुनियों ने पृथ्वी वासियों के रोगों के निवारणार्थ उपचार की अनेक पद्धतियां भी विकसित कीं। यही वह कालखंड था, जब महान वैद्य एवं चिकित्सा विज्ञानी वाग्भट्ट जी ने भी काशीराज के रूप में लोकप्रिय भगवान धनवंतरि से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया और 'आष्टांग हृदय' नामक ग्रंथ की रचना भी की, जो आयुर्वेद महाविज्ञान का एक मानक ग्रंथ है। बाद में काशी के राजा दिवोदास ने काशी में विश्व का पहला शल्य चिकित्सा विद्यालय स्थापित किया और आचार्य सुश्रुत को उसका प्रधानाचार्य नियुक्त किया। इस प्रकार वास्तव में भगवान धन्वंतरि के माध्यम से ही प्रजापिता ब्रह्मा जी द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद महाविज्ञान के अद्भुत, अलौकिक, सार्वकालिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण ज्ञान का पृथ्वी पर प्रचार-प्रसार हुआ। बहरहाल, हमें विरासत में मिली इस आयुर्वेद महाविद्या के ज्ञान को संरक्षित, सुरक्षित एवं प्रचारित करने की आवश्यकता है। साथ ही अनुसंधानों, प्रयोगों एवं उपयोगों के माध्यम से इसे आधुनिक युग और जीवन के अनुरूप सर्वोपयोगी बनाए जाने की भी जरूरत है।

(लेखक धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चीन की अर्थव्यवस्था से भारत का मुकाबला

हमारे देश में दिवाली पर लोग घरों में रोशनी करने के लिए अब चाईनीज सामान लेने में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। इससे दिवाली पर करोड़ों रुपए चीन को चले जाते हैं, जबकि इसी कीमत पर अपने देश में तैयार मिट्टी के दीपक भी मिल जाते हैं। इससे हमारे देश की धनराशि देश में ही रहेगी। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे। लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों बढ़ चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा विदेशी वस्तुओं से लगाव बहुत ज्यादा हो गया है। *-सुभाष यादव, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सांस्कृतिक विरासत



जम्मू-कश्मीर हो या तेलंगाना या फिर छत्तीसगढ़, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कई लोग असाधारण कार्य कर रहे हैं। उनका यह प्रयास हर देशवासी के लिए एक मिसाल है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अल्पकालिक राहत




मेरे मुद्दा उठाने के बाद कर्नाटक सरकार ने वक्फ बोर्ड द्वारा किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने का फैसला किया है। यह केवल अल्पकालिक राहत है। वक्फ मंत्री जमीर ने जो वक्फ अदालतें गठित की हैं, उनमें बड़ी गड़बड़ी है। वे कंगारू अदालतें हैं।
- तेजस्वी सूर्या, भाजपा सांसद

### बेख़ौफ़ अपराध



एक हत्या का साहस और फिर ज़िलाधिकारी के आवास के पास लाश को दफ़नाने का दुस्साहस बताता है कि गुनाह करने वाले भाजपा राज में कैसे बेख़ौफ़ अपराध कर रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### कहानी सुनाना पसंद



हिमालयन स्टोरीटेलिंग इंस्टीट्यूट में कहानी सुनाना बहुत पसंद आया। मैं पढ़ाता नहीं हूं, बल्कि छात्रों को अपने अंदर की कहानियां ढूंढने में मदद करता हूं। क्योंकि हम कहानियां सुनाने के लिए पैदा हुए हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# पाक में पोलियो के विषाणु पाए जाने पर टीकाकरण



पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने देशभर में सोमवार को अपना तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया, ताकि देश के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके। अखबार 'डॉन' में प्रकाशित खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह विश्व पोलियो दिवस पर प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान तीसरे अभियान की घोषणा की थी। उन्होंने वहां बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ तीन नवंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा, जिसका उद्देश्य देश में पोलियो के खतरनाक प्रसार को खत्म करना है। देश में इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान, स्वास्थ्य विभागों की विशेष टीम घर-घर जाकर 4.5 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाएंगी। खबर के अनुसार, अभियान के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। खबर में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 16 जिलों से लिये गए नमूनों में पोलियोवायरस टाइप-1 (डब्ल्यूपीवी1) पाए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद देशभर में तीसरी बार टीकाकरण अभियान शुरू किया गया।

## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## धनतेरस आज



- सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी त्रयोदशी तिथि
- पूजन का शुभ मुहूर्त संध्याकाल 6 .31 से लेकर 8 .13 तक

# त्रिपुष्कर, इंद्र और वैधृति योग मिलकर बनाएंगे त्रिग्रही योग
# उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का संयोग करेगा धन में तेरह गुना वृद्धि

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से दीपोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। इस तिथि का समापन बुधवार अर्थात 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर होगा। इस बार कई विशेष योग-संयोग में दीपावली मनाई जाएगी। इस दिन त्रिग्रही योग निर्मित हो रहा है। त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और वैधृति योग मिलकर त्रिग्रही योग बना रहे हैं। इसके साथ ही उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। शास्त्रों के अनुसार त्रिग्रही योग में खरीदारी करने को बहुत ही शुभ माना जाता है। धन त्रयोदशी पर खरीदारी करने से सालभर तक इसमें तेरह गुने की वृद्धि होती है।

इस बार धनतेरस पर त्रिपुष्कर योग सुबह 6 बजकर 32 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन यानी 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। यह खरीदारी का पहला मुहूर्त होगा। धनतेरस पर शुभ खरीदारी का दूसरा मुहूर्त अभिजीत ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पूजन और यम दीप जलाने का मुहूर्त

- 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगी धनतेरस तिथि।
- इस दिन पूजा-अर्चना करने का शुभ मुहूर्त संध्याकाल में 6 बजकर 31 मिनट से लेकर 8 बजकर 13 मिनट तक है।
- इस दिन सोना, चांदी और वाहन समेत आदि चीजों को खरीदने का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर को सुबह में 10 बजकर 31 मिनट से लेकर - अगले दिन यानी 30 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 32 मिनट तक है।
- धनतेरस के दिन घर के बाहर दीपक जलाने का विधान है, जिसे यम का दीपक कहा जाता है। इस दिन दीपक जलाने का मुहूर्त शाम को 5 बजकर 45 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 15 मिनट तक है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 3 मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरगांव

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पुताई और झालर लगाने के काम में लगे तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, वहां से मजदूर की हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर रेफर किया गया है। सरगांव पुलिस के अनुसार सरगांव निवासी प्रियांशु यादव पिता रामसत्ता यादव ▶▶|शेष पेज 2 पर

**एक मजदूर बिलासपुर रेफर**

### मुआवजे का प्रावधान नहीं

इस प्रकार की दुर्घटनाओं में राजस्व विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के मुआवजे का प्रावधान नहीं है। बिजली विभाग द्वारा ही किसी प्रकार की मदद दी जा सकती है।

\- **अतुल वैष्णव**, तहसीलदार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बैठक, कई अहम फैसले

# बड़ा फैसला, नगरीय निकाय-पंचायत में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में अब एकमुश्त आरक्षण 25 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। खास बात ये है कि निकाय और पंचायतों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए बने आयोग की अनुशंसा पर ये निर्णय लिया गया है।

इस निर्णय को इस तरह समझा जा सकता है कि एक निकाय या पंचायत क्षेत्र में एससी एसटी और ओबीसी को कुल मिलाकर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इस 50 प्रतिशत में एससी-एसटी को छोड़कर बाकी जितनी बची संख्या ओबीसी की होगी, उन्हें उतने प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 2 पर

- नई औद्योगिक नीति 2024-29 को मंजूरी
- विजन 2047 के प्रारूप का अनुमोदन

### मेयर, अध्यक्ष का आरक्षण इस आधार पर

निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होते हैं जैसे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष इत्यादि, उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर उपरोक्त सिद्धांत का पालन करते हुए आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी।

### पंचायत शिक्षकों का संविलियन

मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के 97 शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किये जाने का अनुमोदन किया गया। शेष शिक्षक (पंचायत) के प्रकरणों पर पंचायत विभाग से पात्रता की अनुशंसा प्राप्त होने पर संविलियन करने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों को वर्ष 2007 से वर्ष 2019 तक प्रथम मतांकन के आधार पर प्रथम व द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के लिए मात्र एक बार की छूट मिलेगी।



### इस तरह दिया जाएगा आरक्षण

त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रथम प्रतिवेदन एवं अनुशंसा अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ऐसे निकाय जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उस निकाय में शून्य होगा। यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण निकाय में 50 प्रतिशत से कम है, तो उस निकाय में अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा तक अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होगा, परंतु यह आरक्षण उस निकाय की अन्य पिछड़ा वर्ग के आबादी से अधिक नहीं होगा।

### प्राइवेट प्रेक्टिस पर सख्ती के साइड इफेक्ट

## सीएमसी दुर्ग के आधा दर्जन विभागाध्यक्षों का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रेक्टिस पर विभागीय स्तर पर की जा रही सख्ती के साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। दुर्ग के शासकीय मेडिकल कालेज के आधा दर्जन विभागाध्यक्षों द्वारा नौकरी से इस्तीफा देने की खबर है। इसके साथ ही कालेज के तीन सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों ने भी अपना त्यागपत्र सौंपा है। उनका कहना है कि विभागीय आदेश मरीजों की परेशानी कारण बनेगा। इसके पूर्व डीके अस्पताल से दो सुपर स्पेशलिटी डाक्टर नौकरी छोड़ चुके हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग नॉन प्रेक्टिस एलाउंस लेने के बाद भी ▶▶|शेष पेज 2 पर

- तीन सीनियर रेजिडेंट ने भी सौंपा त्यागपत्र डीके हास्पिटल से दो नौकरी छोड़ चुके

### इन डाक्टरों का इस्तीफा

जानकारी के अनुसार डा. चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ. रूपेश कुमार अग्रवाल, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. नवील शर्मा, एचओडी एनीस्थिसिया डॉ. कौशल, विभाग के ही डॉ. नरेश देशमुख, रेडियो डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डा. ▶▶|शेष पेज 2 पर

### समझाने का प्रयास कर रहे

जहां तक जानकारी है कि उन्होंने सेवामुक्त होने के लिए नोटिस दिया है। चिकित्सकों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बारे में और ज्यादा जानकारी अभी नहीं दे सकता।

\- **डॉ. यूएस पैकरा**, संचालक, चिकित्सा शिक्षा






**रायपुर**

**मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024**

कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 23, अंक : 104

पृष्ठ : 16+8+12+8 = 44 मूल्य : 5.00**

**मौसम**

अधि. 31.9

न्यून. 24.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं


### 975 में से 959 अभ्यर्थियों का चयन किया गया

# छह साल की लंबी लड़ाई के बाद युवाओं को दीपावली गिफ्ट, 959 बन गए सब इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटरव्यू होने के बाद चयन सूची जारी होने में देर से नाराज एसआई अभ्यर्थियों ने चरणबद्ध आंदोलन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने स्वीकृत 975 पदों में से 959 उम्मीदवारों की चयन सूची जारी की है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में जब एसआई भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब साढ़े छह सौ के करीब पद थे। वर्ष 2021 में तत्कालीन राज्य सरकार ने इसमें संसोधन करते हुए पदों की संख्या छह सौ से बढ़ाकर 975 की। अभ्यर्थियों का शारीरिक मापतौल, लिखित परीक्षा के बाद पिछले साल साक्षात्कार ▶▶| शेष पेज 2 पर

**हरिभूमि फॉलोअप**

*एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को छह साल की लंबी लड़ाई के बाद अंततः दीपावली गिफ्ट मिला है। काफी संघर्ष के बाद उनकी चयन सूची जारी कर दी गई। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में एसआई भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसका रिजल्ट 2021 में जारी किया गया। पिछले वर्ष अगस्त - सितंबर में इंटरव्यू हुआ था, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं हुआ था।*

### इन पदों के लिए चयन सूची

एसआई के जिन पदों के लिए चयन सूची जारी की गई है, उनमें सूबेदार के 58 में से 57, उपनिरीक्षक के 577, उपनिरीक्षक विशेष शाखा के 69, प्लाटून कमांडर के 247, उपनिरीक्षक फिंगर प्रिंट 6 में से 2, उपनिरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) ▶▶| शेष पेज 2 पर







### अभ्यर्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त किया

लंबे सघर्ष के बाद एसआई चयन सूची जारी होने पर एसआई के अभ्यर्थी प्रसन्न हैं। अभ्यर्थियों ने चयन सूची जारी होने को एक बड़ा दीपावली गिफ्ट बताते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में शीतल देवांगन के साथ मयंक वर्मा, आकाश बघेल, मनोज ▶▶| शेष पेज 2 पर

### भीख मांगने से लेकर सिर मुंडन कराया, दौड़ लगाई

एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर अभ्यर्थी वर्ष 2018 के बाद वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार आंदोलन करते आ रहे थे। रिजल्ट जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को सितंबर में परिणाम जारी करने आदेश जारी किया था। तय समय सीमा पर रिजल्ट जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री के निवास का दो से तीन बार घेराव किया। साथ ही ▶▶| शेष पेज 2 पर

*पहले बच्चों पर तान दी पिस्तौल, फिर एंबुलेंस पर बरसाई अंधाधुंध फायरिंग*

# सेना की एंबुलेंस पर घात लगाकर हमला सुरक्षाबलों ने मार गिराए तीन आतंकी

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के समीप एक गांव में सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन आतंकी मारे गए। आतंकवादियों ने सुबह जोगवान में आसन मंदिर के समीप तीन बच्चों पर पिस्तौल तान दी थी, फिर उन्हें घर जाने दिया। कुछ देर बाद मुख्य सड़क से गुजर रही सेना की ▶▶| शेष पेज 2 पर

- गांव वालों ने सेना को दी आतंकियों की मौजूदगी की जानकारी



### एंबुलेंस पर चलाई अंधाधुंध गोलियां

सेना की एक एंबुलेंस मंदिर के आगे से गुजरी तो आतंकियों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू किया। एंबुलेंस में उस समय एक चालक और अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था।

### *बच्चों पर भी तान दी थी पिस्तौल*

*गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मत्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे, तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया। आतंकी बच्चों से मोबाइल फोन देने की मांग कर रहे थे। बच्चों ने उनके पास मोबाइल फोन ना होने की बात जब आतंकियों को बताई तो वे गुस्सा हो गए और बच्चों से मारपीट कर उनको जाने दिया।*

# नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त मित्तल ने किया पदभार ग्रहण

**रायपुर।** नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने सोमवार को नया रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. मित्तल को प्रभारी आयुक्त एवं संचालक अजय अग्रवाल ने कार्यभार सौंपा एवं उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ. रवि मित्तल 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे हाल ही में जशपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। डॉ. मित्तल ने महासमुंद, रायगढ़ व रायपुर में जिला पंचायत सीईओ के रूप में कार्य किया है। वे 2018 में बगीचा एसडीएम भी रह ▶▶| शेष पेज 2 पर




SAWANSUKHA

||धनतेरस||

LOWEST Making Charges

LOWEST Gold Rate

Till 31 October

Nandi gold coin available in all stores

Sadar Bazar Raipur | 91470 75332 | Open till midnight today

Conditions apply



इस धनतेरस

|| शुभ मुहूर्त आया ||

हीरो साथ लाया

लिमिटेड पीरियड ऑफर्स

₹4500# तक की नकद छूट

₹12000** तक विशेष लाभ (स्कूटर्स)

कम ब्याज दर @ 0%^ (स्कूटर्स)

कम डाउन पेमेंट @ ₹1999^

Hero GIFT

Grand Indian Festival of Trust










Toll Free Number: 1800 266 0018

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon

~INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER

Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Offer is for a limited period or till stock lasts. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **This represents the maximum potential value achievable by combining all four schemes (i.e.GoodLife Benefit, Insurance, RSA, and Free Service) available for scooters only. Actual value may vary, offer is for a limited period only or till stock lasts.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

## जैकेट के शेष

### त्रिपुष्कर, इंद्र और...

मुहूर्त रहेगा। अभिजीत मुहूर्त बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग में शुभ कार्यों की शुरुआत करना और शुभ खरीदारी करने से धन में वृद्धि और घर में सुख-समृद्धि आती है। 29 अक्तूबर को अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 42 मिनट से दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। धनतेरस पर खरीदारी का तीसरा शुभ मुहूर्त प्रदोष काल का रहेगा। शाम को 6 बजकर 36 मिनट से 8 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। इसमें पूजा करना और खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

### बड़ा फैसला...

नवा रायपुर में रियायती दर पर जमीन_नवा रायपुर अटल नगर में निवेश, रोजगार एवं बसाहट को प्रोत्साहन देने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक संस्थान, इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रिकल उद्योगों के विकास हेतु रियायती प्रीमियम दर पर भूखण्ड आबंटन की व्यवस्था की जाएगी। एनएमडीसी को 118 एकड़ जमीन बिक्री_ग्राम नियानार, जगदलपुर जिला बस्तर में एनएमडीसी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित 118 एकड़ शासकीय भूमि, मण्डल द्वारा सीएसआईडीसी को रजिस्ट्री के माध्यम से विक्रय की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। नवा रायपुर परियोजना हेतु आपसी करार द्वारा निजी भूमि क्रय करने पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को 31 मार्च 2026 तक मुद्रांक शुल्क में छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय में राज्य आयुक्त के एक पद के सृजन किया गया है।

**निःशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए 25 करोड़ :** मंत्रिपरिषद ने घोषणा पत्र के अनुरूप राज्य में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस योजना के तहत राज्य के 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक महिलाओं को उनके जीवनकाल में एक बार प्रदेश के बाहर स्थित चिंहित तीर्थ स्थानों में से एक या एक से अधिक स्थानों की निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। इसके लिए 2024-25 के प्रथम अनुपूरक में 25 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। तकनीकी शिक्षा में भी राष्ट्रीय नीति_मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ के तकनीकी शिक्षा विभाग में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया है। इससे छात्र-छात्राओं को समग्र एवं लचीले शिक्षा प्रणाली के साथ ही गुणवत्तायुक्त शिक्षण की सुविधा मिलेगी। शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अधिक संसाधन और सहयोग प्राप्त होंगे। उद्योगों को अधिक कुशल कार्य बल मिलेगा।

### सीएमसी दुर्ग के आधा...

निजी अस्पतालों में सेवा देने वाले सरकारी डाक्टरों पर सख्ती बरत रहा है। इसके तहत उनके द्वारा आयुष्मान योजना में अनुबंधित तमाम निजी अस्पतालों से शपथपत्र मांगा जा रहा है कि उनके संस्थान में कोई शासकीय डाक्टर सेवारत नहीं है। शपथपत्र के बाद अगर सरकारी चिकित्सक के वहां सेवा देने की बात सामने आती है, तो संबंधित अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पिछले दिनों प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले शासकीय डाक्टरों ने आईएमए के नेतृत्व में एकजुटता दिखाई थी।

पिछले दिनों डीके अस्पताल में कार्यरत दो सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों ने नौकरी छोड़ दी थी और राजधानी के निजी अस्पतालों में अपनी ज्वाइनिंग दी थी। इसके बाद शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग के आधा दर्जन सीनियर डाक्टर और तीन सीनियर रेजिडेंट द्वारा सेवा से त्यागपत्र देने का मामला सामने आया है, जिससे विभागीय हड़कंप मच गया है। मामले में विभागीय साइड इफेक्ट को रोकने के लिए विभागीय मंथन भी शुरू कर दिया गया है।

**चिकित्सकीय हुनर होगा बाधित :** पिछले दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के नेतृत्व में शासकीय चिकित्सकों की बैठक हुई थी। इसमें हवाला दिया गया था कि उनकी प्राइवेट प्रेक्टिस मरीजों के हित में है। कई तरह की बीमारियों के इलाज के लिए निजी और शासकीय सेक्टर आपस में जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया में वायरल एक चिकित्सक के इस्तीफे में इस बात का जिक्र है कि निजी अस्पताल में आधुनिक उपकरण और ज्यादा कर्मचारियों के बीच सेवा देना बंद करने से उसका चिकित्सकीय हुनर बाधित होगा जिससे मरीजों की परेशानी होगी।

### इन डाक्टरों का...

समीर कटारे, स्त्री एवं प्रसूति रोग एचओडी डॉ. अंजना, अस्टिटेंट प्रोफेसर डा. करन चंद्राकर, एचओडी मेडिसिन डॉ. सिंघल तथा सीनियर रेजिडेंट डॉ. मिथिलेश यदु के इस्तीफे की चर्चा है।

### हाईटेंशन तार की...

उम्र 15 वर्ष, हिंछापुर निवासी अर्जुन यादव पिता किशन यादव उम्र 15 वर्ष, हिर्री निवासी राम साहू पिता राजेंद्र साहू उम्र 16 वर्ष एवं शिवम पांडे पिता महेंद्र पांडे सोमवार की दोपहर सरगांव के अनुराज पेट्रोल पंप के पास रंग पुताई और झालर लगाने का काम कर रहे थे। मजदूर लोहे की सीढ़ी लेकर झालर लगाने जा रहे थे, तभी लोहे की सीढ़ी ऊपर से गुजरे हुए हाईटेंशन 11 केवी तार के संपर्क में आ गया, जिससे कारण करंट लगने से तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। एक घायल मजदूर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकार में प्राइमरी इलाज के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

**तार की ऊंचाई नियमानुसार नहीं :** नगर पंचायत सरगांव क्षेत्र में 11 केवी तार की चपेट में आने का यह पहला मामला नहीं है इसके पहले भी इसकी चपेट में आकर लोगों ने अपनी जान गंवाई है जिसकी मुख्य वजह तार की कम ऊंचाई पर होना है।

**जांच के बाद जुर्म दर्ज :** मृतक नाबालिग है इस आधार पर जांच की जा रही है। अभी मर्ग कायम हुआ है। जांच के बाद नियमों के तहत अपराध पंजीबद्ध होगा।

– **एसआर धृतलहरे,** एसडीओपी, मुंगेली

**मुआवजा तत्काल नहीं :** मुआवजे का प्रावधान है पर अभी तत्काल नहीं मिल सकता। ऊपर से स्वीकृति आने के बाद ही विभाग कुछ कर सकता है।

– **हरी नारायण लहरी,** एई, पथरिया।

# दोहरे हत्याकांड के आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## घर, गोदाम व दुकानों पर की गई कार्रवाई

शासकीय भूमि पर किया गया था कब्जा, बड़ी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल, चार स्थानों पर दिनभर चली कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

दोहरे हत्याकांड के साथ ही पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला, फायरिंग करने और खौलता तेल डालने वाले मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के खिलाफ सोमवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के चार अवैध निर्माणों पर एक साथ बुलडोजर चला। इस दौरान शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया। अल सुबह शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दिनभर चली। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में भारी बल तैनात कर आरोपी के घर, गोदाम, दुकानों को तोड़ा गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई की नगर में लोगों ने प्रशंसा की है। बता दें कि प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी मेहु फैज, बेटी आलिया शेख की चाकू गोदकर व गला रेतकर बेरहमी से हत्या करने, आरक्षक घनश्याम सोनी पर खौलता तेल डालकर गंभीर रूप से घायल करने, पुलिसकर्मियों को थाने के सामने ही अपनी स्विफ्ट कार से कुचलने का प्रयास करने और भागते समय पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में सूरजपुर बाजार पारा निवासी 28 वर्षीय कुलदीप साहू आ. अशोक साहू, 20 वर्षीय आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी आ. संजय विश्वकर्मा, 28 वर्षीय फुल सिंह उर्फ रिंकू सिंह आ. स्व. गनपत सिंह, नेवरा निवासी 28 वर्षीय चन्द्रकात चौधरी उर्फ सीके आ. शिवप्रसाद चौधरी व लटोरी करवां निवासी 23 वर्षीय सूरज साहू आ. स्व. राजाराम साहू को गिरफ्तार किया था और आरोपी फिलहाल जेल में बंद है। आरोपी कुलदीप साहू की गिरफ्तारी के बाद ही नगर पंचायत व राजस्व विभाग द्वारा आरोपी कुलदीप साहू के पिता अशोक साहू व चाचा संजय साहू को अवैध निर्माणों के लिए नोटिस जारी किया था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विविध एस & टी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. **निविदा सूचना क्र.:** ST-TRR-PDurg-N-G-BTC24R दिनांक: 25.10.2024 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के गोंदिया जंक्शन-बालाघाट जंक्शन के बीच दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर TRR(P)-4.168 Tkm (पुलों पर), 10.680 Tkm (ML) तथा TRR(P) - 11.60 Tkm (SL) से संबंधित एस&टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 68,50,857/-, **बिड सिक्युरिटी:** ₹ 1,37,000/-, **समापन अवधि:** 12 महीने।
2. **निविदा सूचना क्र.:** STElePointM-RTUSMAPLE24RR दिनांक: 25.10.2024 **कार्य का नाम:** 1. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में पुरानी इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीनों को बदलकर विश्वसनीयता में सुधार करना। 2. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के बचे हुए इंटरलॉक्ड एलसी गेटों पर आरटीयू और डोर प्रॉक्सिमिटी स्विच का प्रावधान। 3. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में UFSBI और BPAC जैसे सुरक्षा सर्किटों के लिए मेपल उपकरणों का प्रावधान।

**निविदा मूल्य:** ₹ 1,28,43,099/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 2,14,200/-,
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **15.11.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/33/138

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## पेज एक के शेष

### छह साल की लंबी लड़ाई...

हुआ, जिसमें एक हजार 436 दावेदार में से एक हजार 378 दावेदार साक्षात्कार में शामिल हुए। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। कोर्ट के निर्देश पर 370 अभ्यर्थियों को अलग से फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया। उक्त फिजिकल टेस्ट 9 जुलाई 2024 को हुआ था। इस आधार पर जुलाई में ही 58 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू हुआ।

### इन पदों के लिए...

के 3 में से 1, उपनिरीक्षक (कम्प्यूटर) के 6 में से 5, उपनिरीक्षक (रेडियो) के 9 में से 1 का चयन सूची जारी की गई है।

### अभ्यर्थियों ने सरकार का...

बघेल, हसमैन रजा, त्रिलोक साहू, तिलक देवांगन शामिल हैं।

### भीख मांगने से...

सितंबर में अभ्यर्थियों ने आंदोलन तेज करते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर भीख मांगने के साथ, आमरण अनशन, सिर मुंडाकर विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही एक पूर्व सैनिक ने दुर्ग से लेकर धरनास्थल तूता तक दौड़ लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### सेना की एंबुलेंस पर...

एंबुलेंस पर गोलियां चलाई थीं। इसके बाद सुरक्षाबलों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की और तीन आतंकियों को मार गिराया।जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव में सेना की एंबुलेंस पर हमला करने वाले आतंकवादियों के समूह को मार गिराने के लिए भेजे गए विशेष बलों के अभियान में सोमवार को तीन आतंकवादी मार गए। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा, आतंकवादी का शव और हथियार बरामद कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने एक एंबुलेंस को गुजरते हुए देखा और उस पर गोलियां चलायीं। एंबुलेंस पर 12 से अधिक गोलियां चलाई गईं। उन्होंने बताया कि सेना ने पुलिस के साथ मिलकर तुरंत इलाके की घेराबंदी की और आतंकवादियों को ढेर करने के लिए तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की गोलीबारी में सेना की एक एंबुलेंस को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा।

### नव पदस्थ जनसंपर्क...

चुके हैं। डॉ. रवि मित्तल ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस किया। फिर वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 28.10.2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.न. 82 रा.नि.म.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदिका अर्चना मिंज पति श्री एनोश कुमार मिंज निवासी छ.ग. नगर टिकरापारा खसरा नंबर 325/90 रकबा 0.0186 हेक्टयर के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.10.2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 18.11.2024 को 3:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है। कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपित्त हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक-18, रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.न. - **00072 डूंडा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202425440726700022**

**ईश्तहार**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00072** के अंतर्गत ग्राम **डूंडा** के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर **विकास प्राधिकरण पिता/पति-पता-** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 293/2(0.0074) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **मानिक चंद ढोमने पिता/पति स्व. दिनाजी ढोमने पता-शासकीय क्वां. नं. डी 05 क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान सिटी होन्डा शोरूम के सामने लालपुर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **14/11/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
Prakash Soni
रायपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

सामग्री प्रबंधक विभाग

**ई-टेंडर नोटिस नं.: एन आई टी/14/24/48, तिथि - 22-अक्टूबर-2024**

| Sr. No. | Tender No. | Description | Tender Closing/ Opening Date & Time | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02244224 | कन्वर्टर मोड्यूल सी.एम.-एम. 2801 डब्ल्यू. 50-8, 3 ई.एच.-236737-0001 000 | 12.11.2024 At 10:30 hrs. | 02 नग |
| 2 | 07241522 | फ्लेक्सीबल पोलीविनिल क्लोराईड (पी.व्ही.सी.) फ्लोरिंग शीट | 18.11.2024 At 10:30 hrs. | 1262 नग |
| 3 | 08241051A | डिस्सोल्वड एक्सेटिलीन गैस कन्फर्मिंग टू आई.एस: 308/1988 विथ एमेंडमेंट नं.1. | 20.11.2024 At 10:30 hrs. | 101057 क्यूबिक मिटर |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर **www.ireps.gov.in** पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-2
कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक,
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/309

South East Central Railway @secrail


### जापान : सत्तारूढ़ गठबंधन ने गंवाया बहुमत

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन ने संसद के 465 सदस्यीय निचले सदन के चुनाव में रविवार को बहुमत गंवा दिया। ये परिणाम सत्तारूढ़ पार्टी के व्यापक वित्तीय "घोटालों" पर मतदाताओं के आक्रोश को दर्शाते हैं।


**आम सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादा रोड, वडोदरा- 390 007
कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('आईसीआईसीआई बैंक') से उनके द्वारा प्राप्त सोने के आभूषणों के बदले सुविधा ('सुविधा') के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हम 08 नवंबर, 2024 को गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/ई-नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार है। नीलामी दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच ऑनलाइन - https://gold.samil.in पर आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट पर लॉग

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108505010863 | हरेश ठाकुर |
| 108505010853 | अरूण कुमार रंगारे |
| 108505010817 | अनिल कुमार दुबे |
| शाखा का नाम : रायपुर - शंकर नगर | |
| 251505001343 | महेश शादीजा |
| 251505001349 | महेश शादीजा |
| शाखा का नाम : ग्वालियर-राजपायगा रोड | |
| 656705601884 | नितिन गोलहकर |

दिनांक 29.10.2024
स्थान : बस्तर, रायपुर

सही/ प्राधिकृत अधिकारी
कृते-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** – आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** – धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** – वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**चिकित्साकर्मी**

**आवश्यकता है-** चिकित्सालय में प्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है रिसेप्शनिष्ट, ANM. GNM. पैरामेडिकल कार्यकर्ता, आया मिले 10से 05 बजे तक **केजीएन चिकित्सालय फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 9893042209.**(RO-5986)

**इंचार्ज/क्लर्क**

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर-, 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। **संपर्क:- 9685726593.** (RO-3058)

**कुक**

**आवश्यकता है-** इण्डियन, चाइनिस एवं तन्दुर में शेफ एवं सर्विस हेतु स्टीवर्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संचालक एस.एम.एम. रेस्टोरेंट मो.- 98931-39282.** (आरो न.-612)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-750)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9065357020 (RO-3051)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8929276015.. 8929276138..**(RO-509)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस** - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279.** (Ro-3055)

**Purchase खरीदना**

**खरीदना है-** 100 Horse Power की सेकेंड हैंड टिपटॉप कंडीशन की मोटर खरीदना है। **सम्पर्क करें- 7987730984.**(RO-37781)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट/जमीन**

**बेचना है**
शंकर नगर मेन रोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें— एस. के. शर्मा **9425503284**

**प्लॉट बेचना है** - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-5979)

**बेचना है**
एम्स से लगभग ½ कि.मी. की दूरी, मेनरोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 1,50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें— एस. के. शर्मा **9425503284**

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

**विज्ञापन बुकिंग टाइम** सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक






## शब्द पहेली - 5676



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5675 का हल**



## सूडोकु नवताल 5689

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGA_SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5688 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## गुजरात के वडोदरा में हुआ औपचारिक कार्यक्रम

# मोदी, सांचेज ने किया सैन्य विमान बनाने वाले हिंदुस्तान के पहले निजी केंद्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को वडोदरा में 'टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड (टीएएसएल)-एयरबस' केंद्र का उद्घाटन किया जहां सी-295 सैन्य विमानों का निर्माण किया जाएगा। 'टाटा-एयरबस' भारत में पहला ऐसा निजी केंद्र होगा जहां सैन्य विमानों के कलपुर्जों को जोड़कर विमानों को अंतिम रूप देने (फाइनल असेंबली लाइन) का काम किया जाएगा। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि यह सुविधा न केवल भारत-स्पेन संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि ''हमारे 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी बढ़ावा देगी।'' उन्होंने कहा कि इस संयंत्र में निर्मित विमानों का भविष्य में निर्यात भी किया जाएगा। मोदी ने यह भी आशा व्यक्त की कि इस विनिर्माण सुविधा द्वारा निर्मित परिवेशी तंत्र भविष्य में भारत को असैन्य विमान के निर्माण में भी मदद करेगा।



### दोनों नेताओं ने किया रोड शो

इस निजी केंद्र का उद्घाटन करने से पहले मोदी और सांचेज ने सुबह हवाई अड्डे से 'टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड' सुविधा तक 2.5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रोड शो का नेतृत्व किया।

**2021 में हुआ था करार :** भारत ने सितंबर 2021 में भारतीय वायु सेना के पुराने हो चुके 'एवरो-748' विमानों को बदलने के लिए '56 सी-295' परिवहन विमान खरीदने के उद्देश्य से 'एयरबस डिफेंस एंड स्पेस' के साथ लगभग 21,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। इस परियोजना के तहत भारत में पहली बार किसी निजी कंपनी द्वारा सैन्य विमानों का निर्माण किया जाएगा। समझौते के तहत, एयरबस चार वर्ष के भीतर स्पेन के सेविले स्थित अपनी 'फाइनल असेंबली लाइन' से 16 ऐसे विमान भेजेगा जो उड़ान भरने की स्थिति में होंगे। बाद के 40 विमानों का निर्माण और संयोजन दोनों कंपनियों के बीच हुई औद्योगिक साझेदारी के तहत भारत में 'टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स' (टीएएसएल) द्वारा किया जाएगा। मोदी ने अक्टूबर 2022 में वडोदरा में 'फाइनल असेंबली लाइन' की आधारशिला रखी थी।

## बीजेपी की तीसरी लिस्ट जारी, 25 उम्मीदवारों का हुआ ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 25 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस तरह बीजेपी ने अब तक कुल 146 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। उसने पहली लिस्ट में 99 और दूसरी लिस्ट में 22 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया था। इसके अलावा नांदेड़ लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी बीजेपी ने संतुक मारोतराव हंबर्डे को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस सांसद वसंतराव चव्हाण के अगस्त में आकस्मिक निधन के कारण नांदेड़ सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है। कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए अपने दिवंगत नेता वसंतराव चव्हाण के बेटे रवींद्र चव्हाण को उम्मीदवार बनाया है। महायुति गठबंधन ने अब तक 288 सीटों में से 260 पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

## लॉरेंस गैंग ने दी पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस गैंग से जान से मारने की धमकी मिली है। कुछ दिन पहले ही उनकी तरफ से सलमान खान के मुद्दे पर बोला गया था,



उन्होंने गैंगस्टर लॉरेंस पर भी तंज कसा था। अब उसी बात से नाराज होकर लॉरेंस के गुर्गों ने पप्पू यादव को धमकी दी है। दावा हुआ है कि लॉरेंस के गुर्गों ने पप्पू यादव के आवास के पास रेकी है, उनसे बात करने की भी कोशिश हुई है। खबर है कि अमन गैंगस्टर के करीबी मयंक नामक शख्स ने भी पप्पू यादव को अपनी हद में रहने की सलाह दी है। जारी बयान में बोला गया है कि मैं पप्पू यादव को साफ तौर पर कह दूं कि तुम अपनी औकात में रहकर चुपचाप राजनीति करने पर ध्यान दो। ज्यादा इधर-उधर टीआरपी कमाने के चक्कर में मत पड़ो वर्ना रेस्ट इन पीस कर देंगे तुम्हें।

## वक्फ बोर्ड की मीटिंग में फिर हंगामा विपक्षी सांसद बीच में ही निकले

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड को लेकर संयुक्त संसदीय समिति की मीटिंग सोमवार को भी हंगामेदार रही। बीते सप्ताह टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले का आरोप लगा था और कहा गया था कि मीटिंग के दौरान उन्होंने एक बोतल फोड़ दी थी। अब सोमवार को फिर से हंगामा हुआ और विपक्षी दलों के सांसद बाहर चले गए। दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से दी गई प्रजेंटेशन का ये सांसद विरोध कर रहे थे। इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने बिना दिल्ली सरकार की अनुमति के ही प्रजेंटेशन में बदलाव कर दिए। इसकी जानकारी तक दिल्ली सरकार को नहीं दी गई। इस मीटिंग से बाहर निकलने वाले सांसदों में संजय सिंह, डीएमके के मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नासिर हुसैन और मोहम्मद जावेद भी शामिल थे।

## अगर पत्नी इंकार कर रही हो तो कोर्ट के आदेश से ही माना जाएगा तलाक

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मुस्लिम तलाक को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर पति की तरफ से तलाक दिए जाने को पत्नी झुठला रही हो तो



अदालत के जरिए ही तलाक हो सकता है। इस टिप्पणी के साथ हाई कोर्ट ने तमिलनाडु की शरीयत काउंसिल की तरफ से जारी तलाक सर्टिफिकेट को अवैध करार दिया है। कोर्ट ने दूसरी शादी कर चुके पति को यह आदेश भी दिया है कि वह पहली पत्नी को मुआवजा और गुजारा भत्ता दे। हाई कोर्ट के जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने इस अहम फैसले में यह भी कहा कि पति अगर दूसरी शादी कर ले तो पहली पत्नी को उसके साथ रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। मुस्लिम पर्सनल लॉ में पुरुषों को एक से अधिक शादी की इजाजत है।







## खबर संक्षेप



### चौफला ने रैकेटलॉन में जीता रजत पदक

**मुंबई।** भारत के विक्रमादित्य चौफला को यहां अखिल भारतीय रैकेटलॉन ओपन में संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद कुबा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के सर्वोच्च रैंक वाले रैकेटलॉन खिलाड़ी चौफला को कई विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का अनुभव है। इस प्रतियोगिता में भारत के आदित पटेल तीसरे स्थान पर रहे। रैकेटलॉन टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश जैसे चार रैकेट खेलों का संयोजन है। महिला वर्ग में नाहिद दिवेचा चैम्पियन बनीं जबकि शिखा बरासिया और तारा भंडारे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### इंडियन वुमेन्स लीग का आगाज 10 जनवरी को

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन ओडिशा एफसी 10 जनवरी 2025 को इंडियन वुमेन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन गोकुलम केरल एफसी का सामना पदार्पण कर रहे श्रीभूमि एफसी से होगा। इस लीग का आयोजन अपने और विरोधी की मेजबानी में होने वाले मुकाबलों के प्रारूप के आधार पर होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लीग 13 अप्रैल तक चलेगी। टीमें इस प्रकार हैं: ईस्ट बंगाल एफसी, श्रीभूमि एफसी, ओडिशा एफसी, एनआईटीए एफए, सेतु एफसी, गोकुलम केरल एफसी, होप्स एफसी और किकस्टार्ट एफसी।

इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता

# लिवरपूल ने आर्सेनल को बराबरी पर रोका, यूनाइटेड ने फिर गंवाया मैच

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह के शानदार खेल की मदद से लिवरपूलने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दो बार पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके आर्सेनल को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैच के अंतिम क्षणों में जब लिवरपूल जब पीछे चल रहा था तब सालाह ने 81वें मिनट में दूसरा बराबरी का गोल किया। लिवरपूल ने इस तरह से अपना शानदार अभियान जारी रखा। आर्ने स्लॉट के मुख्य कोच बनने के बाद लिवरपूल में इस सत्र में जो 13 मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। उसके प्रीमियर लीग में अब नौ मैच में 22 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है।



## एटलेटिको मैड्रिड का आत्मघाती गोल

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में आत्मघाती गोल के कारण रियाल बेटिस से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने में जब पांच मिनट से भी कम समय बचा था तब डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज के आत्मघाती गोल ने एटलेटिको की लगातार दूसरी हार तय कर दी। एटलेटिको मैड्रिड सभी प्रतियोगिताओं में पिछले छह मैचों में केवल एक मैच जीत पाया है। उसने पिछले सप्ताहांत स्पेनिश लीग में लेगानेस को 3-1 से हराया था। इससे पहले उसने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड और रियल सोसिदाद के खिलाफ ड्रॉ खेला था जबकि चैंपियंस लीग में बेनफिका से उसे 4-1 से हार मिली थी। ला लिगा में एटलेटिको शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना से 10 अंक पीछे है।



## वेस्ट हैम से 2-1 से मिली हार

*मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और उसे वेस्ट हैम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। जब खेल खत्म होने में कुछ मिनट का खेल बचा था तब वीडियो समीक्षा प्रणाली से वेस्ट हैम को पेनल्टी मिली जिसे जारोड बोवेन ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। अन्य मैचों में चेल्सी नै न्यूकैसल को 2-1 से जबकि क्रिस्टल पैलेस ने टोटेनहम को 1-0 से हराया।*

# मुंबई की बढ़त 150 रन पार जीवनजोत का 14वां शतक

रणजी ट्रॉफी



एजेंसी ▶▶| अगरतला

त्रिपुरा के तेज गेंदबाज मनीशंकर मुरासिंह और अभिजीत सरकार ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन मुंबई के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर गत चैंपियन का स्कोर दो विकेट पर सात रन कर दिया।

42 बार की चैंपियन मुंबई ने पहली पारी में 450 रन बनाए और फिर त्रिपुरा को 302 रन पर समेट दिया जिसमें युवा स्पिनर हिमांशु सिंह ने 65 रन देकर छह विकेट झटके। मुंबई की कुल बढ़त 155 रन हो गई है। त्रिपुरा के अनुभवी बल्लेबाज जीवनजोत सिंह (118 रन) ने 14वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा जबकि मध्यक्रम में श्रीदम पॉल (52 रन) और कप्तान मंदीप सिंह (नाबाद 62 रन) के अर्धशतकों से मेजबान टीम ने पूरे दिन बल्लेबाजी की जबकि उसने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 60 रन से की थी। भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी के खिलाफ त्रिपुरा ने 300 रन का स्कोर पार किया।

## सुमित के शतक से दिल्ली जीत की ओर

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर सुमित माथुर के शतक से दिल्ली रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां असम के खिलाफ जीत के करीब पहुंच गया। असम के 330 रन के जवाब में दिन की शुरुआत छह विकेट पर 214 रन से करते हुए दिल्ली की टीम मुश्किल में थी। शुरुआती दो मैच की एकादश से बाहर रहे माथुर (112 रन) ने इसके बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले हर्षित राणा (59 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 99 और फिर सिद्धांत शर्मा (89 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 166 रन जोड़कर टीम का स्कोर 454 रन तक पहुंचाया। अंतिम चार विकेट ने 272 रन जोड़े।

# अंडर-23 : चिराग बने वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▶▶| तिराना

चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की। वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। भारत 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है।



### चिराग का प्रदर्शन

चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया।

# अफगानिस्तान ने जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इमर्जिंग एशिया कप 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार रात को अल अमरात में खेला गया।

इस मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को 11 गेंदों के शेष रहते सात विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए ने सहन आरछिगे की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान ने सेदिकउल्लाह अटल की 55 रनों की दमदार पारी की बदौलत 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 134 रन बनाए और लक्ष्य हासिल कर लिया। डारविश रसूली के नेतृत्व में अफगानिस्तान ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। 18 वर्षीय अल्लाह मोहम्मद गजनफर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने फाइनल में 3.5 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट चटकाए जबकि बिलाल सामी को 5.5 के इकोनॉमी से तीन विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेदीकउल्लाह अटल ने 55* रन बनाए। इसके अलावा करीम जनत ने तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए।



## बिजनेस साइट

### आचार्यकुलम का 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित



**हरिद्वार।** स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के द्वारा स्थापित आवासीय शिक्षण संस्थान आचार्यकुलम का 12वां वार्षिकोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह का मुख्य विषय 'नेतृत्व के लिए शिक्षा' था।

कार्यक्रम में भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, आचार्य चाणक्य और सम्राट चन्द्रगुप्त के प्रेरणादायक चरित्रों की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2023-24 के कक्षा 5-12 के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 1.5 लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।

इसके साथ ही योग, खेल और कला प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### धनतेरस पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में स्वर्ण और डायमंड ज्वेलरी का अनूठा संग्रह

**रायपुर।** कोतवाली चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने धनतेरस और दीपावली के अवसर पर शानदार स्वर्ण, डायमंड, सिल्वर, जड़ाऊ और कुंदन जड़ित ज्वेलरी का स्पेशल कलेक्शन प्रस्तुत किया है। जो समृद्धि, संस्कृति और खूबसूरती को प्रस्तुत करता है। संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि वे पिछले 67 वर्षों से सराफा व्यवसाय में हैं और ग्राहकों की पसंद के अनुसार विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिज़ाइन तैयार करते हैं क्योंकि अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स स्वयं के कारखानें में आभूषण बनाता है और हर डिजाइन अपने आप में एक्सक्लूसिव होता है।

- 67 वर्षों की परंपरा और नए डिजाइन और गुणवत्ता

शोरुम की खासियत पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ता है, जो ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाती है। उन्होंने कहा कि अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ग्राहकों की हर खुशी, उल्लास एवं उत्सव में भागीदार रहा है और आगे भी रहेगा। घर में कोई भी उत्सव हो या शादी इसके लिए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में सोना-चांदी, थाली कटोरी, डिनर सेट, गिलास, बर्तन, जड़ाऊ, कुंदन, मोती, रजवाड़ा, चूड़ी-कंगन की नई डिजाइनें हमेशा उपलब्ध रहती है।




#### ईएमआई की सुविधा उपलब्ध

धनतेरस पर ज्वेलरी में लाइट वेट विकल्प, गोल्ड प्लेटेड सेट और चांदी के फैंसी आइटम्स भी उपलब्ध हैं। खासतौर पर शादी-ब्याह के लिए एक्सक्लूसिव ब्राइडल सेट की डिज़ाइन तैयार की गई हैं। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए हीरे की खरीद पर उपहार और ईएमआई की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

### एक्सिस बैंक के लाभ में दस फीसदी का उछाल

**हरिभूम न्यूज. नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के अपने परिणामों की घोषणा की। तिमाही के लिए बैंक का मुख्य परिचालन लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 9,601 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 5,864 करोड़ रुपए की तुलना में 6,918 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बैंक की शुद्ध ब्याज आय वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 9प्रतिशत बढ़कर 13,483 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 12,315 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.99 प्रतिशत रहा। कासा जमा में 4 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि हुई। बड़े सहकर्मी बैंकों में कासा सर्वश्रेष्ठ बना हुआ है। बैंक का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 17,349 करोड़ रुपए से 16 प्रतिशत साल-दर-साल बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 20,205 करोड़ रुपए हो गया। 30 सितंबर 2024 तक, बैंक ने सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए स्तर क्रमशः 1.44 प्रतिशत और 0.34 प्रतिशत पर रिपोर्ट किया।

# देश का आर्थिक प्रदर्शन संतोषजनक, मांग की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, लेकिन आगे मांग की स्थिति को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य अच्छा है।

- वित्त मंत्रालय ने आर्थिक परिदृश्य को अच्छा बताया : रिपोर्ट

इसका कारण रुपये समेत बाह्य मोर्चे पर स्थिरता, सकारात्मक कृषि परिदृश्य, त्योहारों में मांग में सुधार और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना है। कुल मिलाकर उम्मीद है कि इससे निवेश गतिविधियों में तेजी आएगी। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा सोमवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के सितंबर संस्करण में हालांकि कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत है।

#### शहरी मांग में नरमी

उपभोक्ता धारणा में नरमी, सामान्य से अधिक बारिश के कारण सीमित ग्राहक संख्या और विभिन्न मौसमी अवधियों में लोगों के नई खरीदारी से बचने को देखते हुए ऐसा जान पड़ता है कि शहरी मांग में नरमी है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ते संघर्षों, आर्थिक स्तर पर बढ़ता बिखराव और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन से वृद्धि के लिए जोखिम उत्पन्न हुए हैं।

#### महंगाई काफी हद तक काबू में

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि को छोड़ दिया जाए तो महंगाई काफी हद तक काबू में नजर आ रही है। इसमें कहा गया है कि मध्यम अवधि में जलाशयों में जलस्तर का बेहतर होना, खरीफ फसलों की अच्छी बुवाई से कृषि उत्पादन बेहतर रहने की संभावना बनी है। इसके साथ पर्याप्त खाद्यान्न भंडार कीमतों को काबू में रखने में मददगार होगा।



#### विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के पार

इससे पहले, मार्च, 2020 में एफपीआई ने 61,973 करोड़ रुपये शेयर बाजार से निकाले थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बढ़ते पूंजी प्रवाह, स्थिर रुपये और संतोषजनक विदेशी मुद्रा भंडार से यह पता चलता है। इस साल सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। इसके साथ भारत 700 अरब डॉलर से अधिक भंडार वाले शीर्ष चार देशों में से एक बन गया।

#### एआई से नौकरियां जाने का खतरा बढ़ा

हालांकि, कुछ रिपोर्ट में कृत्रिम मेधा के उपयोग से कर्मचारियों के नौकरी जाने की बात आई है। ऐसे में इस पर नजर रखने की जरूरत है।" इसमें कहा गया है कि जोखिम वैश्विक स्तर पर जारी संघर्ष, आर्थिक स्तर पर बढ़ता बिखराव, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितता और उसके परिणामस्वरूप वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव को लेकर है।

#### चीन में प्रोत्साहन उपाय का पड़ा असर

रिपोर्ट के अनुसार इस महीने शेयरों से 85,790 करोड़ रुपये (लगभग 10.2 अरब डॉलर) की भारी निकासी की है। इसका कारण चीन में प्रोत्साहन उपाय, आकर्षक शेयर मूल्यांकन और घरेलू शेयर बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अधिक होना है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक की सर्वाधिक निकासी की है।

# शेयरों में पांच दिन से जारी गिरावट पर विराम, सेंसेक्स 603 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 603 अंक का उछाल आया। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली के बीच आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स 602.75 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 80,005.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,137.52 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 158.35 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,339.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम नरमी से भी बाजार धारणा को बल मिला।




- वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख कायम रहा
- आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से आई तेजी

#### इन शेयरों में रही घट- बढ़

सेंसेक्स के तीस शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक तीन प्रतिशत चढ़ा। निजी क्षेत्र के बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 11,746 करोड़ रुपये रहने की सूचना से उसका शेयर चढ़ा। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और मारुति शामिल हैं।

#### निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद तेजी आने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,21,138.2 करोड़ रुपये बढ़कर 4,41,20,059.86 करोड़ रुपये हो गया।

पिछले कई वर्षों से कमीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ

# बैंकिंग प्रतिनिधियों का कमीशन 0.30 फीसदी बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकिंग प्रतिनिधि संसाधन परिषद (बीसीआरसी) ने वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए एजेंट की तरफ से दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के एवज में उनका कमीशन बढ़ाने की मांग की है।

- वित्तीय समावेश में तेजी आने से एजेंट का खर्च बढ़ा है

बैंकिंग प्रतिनिधि उद्योग और बीसीआरसी एजेंट को दिए जाने वाले कमीशन में कम-से-कम 0.30 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले कई वर्षों से कमीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि वित्तीय समावेश में तेजी आने से एजेंट का खर्च बढ़ा है। आमतौर पर एजेंट को बैंक और कुछ अन्य संस्थान कमीशन का भुगतान करते हैं।

***बचत खाता खोलने पर 20 रुपए मिलती है कमीशनः*** *बीसीआरसी के मुताबिक, बचत बैंक खाते खोलने पर बैंकिंग प्रतिनिधि को पांच से 20 रुपये, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में लाभार्थी को नामांकित करने के लिए दो रुपये, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के लिए 15-30 रुपये और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए 80-100 रुपये का कमीशन मिलता है।*

BCRC BUSNESS CORRESPONDENT RESOURCE COUNCIL Initiative & Innovation

**2006 से बैंकिंग प्रतिनिधि मॉडल की शुरूआत :** भारतीय रिजर्व बैंक ने गांवों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2006 में बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल की शुरुआत की थी। ये प्रतिनिधि बैंक शाखा और एटीएम से इतर जगहों पर बैंकिंग सेवाएं और गैर-वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए नियुक्त एजेंट होते हैं।

*80 फीसदी से अधिक लाभार्थियों के नामांकन की सुविधा*

*इन प्रतिनिधियों ने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई के तहत 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों के नामांकन की सुविधा भी दी है। उन्होंने कहा कि बीसी मॉडल शुरू होने के बाद से बैंकिंग प्रतिनिधियों ने पहुंच बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है और ग्रामीण परिदृश्य को बदल दिया है। बीसीआरसी ने हाल ही में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा है।*

#### जनधन के 45 करोड़ खाते बैंकिंग प्रतिनिधियों ने ही खोले

बीसीआरसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धरणीधर त्रिपाठी ने कहा कि बैंकिंग प्रतिनिधि देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार सहित वित्तीय समावेश में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले लगभग 53.81 करोड़ खातों में से 45 करोड़ खाते बैंकिंग प्रतिनिधियों ने ही खोले हैं।

धनतेरस की शुभकामनाएं

# जागो ग्राहक जागो

(ग्राहक हित में जारी)

दीपावली की शुभकामनाएं

आदरणीय ग्राहकों, हम आपके उज्जवल भविष्य और सुरक्षित निवेश की दिशा में आपका ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं

अगर आपको कोई सस्ता सोना देने की बात करता है तो आप उनसे सोना ही माँगें जेवर नहीं बात स्पष्ट हो जाएगी.

# "सोना कभी रेट से सस्ता नहीं होता"

सारा खेल आपको दुकान बुलाकर आपको अप्रत्यक्ष रूप से भ्रमित करते हैं।

## क्या आप ज्वेलरी खरीदने जा रहे हैं?

ब्रांड/होलसेल/स्पेशल रेट के नाम पर कहीं, आपसे ज्यादा मजदूरी तो नही ली जा रही है

होलसेल या सस्ता सोना के नाम पर कही आप अप्रत्यक्ष ज्यादा पैसा तो नहीं दे रहे हैं

जहां छूट होती है... वहां लूट होती है...

## "सोना सस्ता बता कर मजदूरी एवं अन्य ज्यादा लगा कर आपको धोखे में रखा जाता है"

- ज्वेलरी खरीदते समय बिल में सोने का वजन, भाव एवं कीमत बनवाई की दर एवं कीमत व अन्य सब स्पष्ट रूप से लिखवा कर ही बिल लेवे
- ज्वेलरी खरीदते समय गहनों पर हॉलमार्क की जाँच करे एवं स्वयं सत्यापित करें।
- ज्वेलरी आप अपने शहर के अपने विश्वसनीय दुकानदार से छ.ग. सराफा एसोसिएशन आपके साथ है...

मानकः पथप्रदर्शकः

| छ.ग. सराफा एसोसिएशन की समस्त दुकाने | VS | बड़े ब्रांड/झूठे अफवाह वाले/ सोना सस्ता बताने वाले |
|---|---|---|
| मेकिंग चार्ज 12% से 18% (जेवर बेचने पर पैसा वापसी तुरंत) | | मेकिंग चार्ज 20% से 38% (वापसी में भी बहुत सारी औपचारिकता के नाम पर देरी) |

अधिक जानकारी के लिए अपने दुकानदार से समझ कर स्वयं फर्क समझ सकते है

आवश्यकता पढ़ने पर अपने क्षेत्र के एसोसिएशन से या प्रदेश छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन से संपर्क कर सकते है

आपकी सर्तकता ही आपके निवेश की सुरक्षा है छ.ग. सराफा एसोसिएशन ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आपके साथ है...



कमल सोनी
प्रदेश अध्यक्ष



प्रकाश गोलछा
महासचिव



हर्षवर्धन जैन
कोषाध्यक्ष



प्रकाश सांखला
अध्यक्ष-दुर्ग सराफा एसोसिएशन



संजय कानुगा
कार्यवाहक अध्यक्ष-छ.ग. सराफा एसोसिएशन रायपुर



पवन अग्रवाल
कार्यवाहक अध्यक्ष-छ.ग. सराफा एसोसिएशन रायगढ़



प्रदीप मारूती घोरपड़े
कार्यवाहक अध्यक्ष-छ.ग. सराफा एसोसिएशन दुर्ग

J.J.Ad

# निवेदकः छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

"बस्तर से अंबिकापुर एवं रायगढ़ से राजनांदगांव विकास एवं विस्तार के लिए समर्पित"

पता : शॉप नं. 12, गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) मो. नं.-9302920005 प्रकाश गोलछा, महासचिव छ.ग. सराफा

आपका पैसा, आपके ही शहर में...

Make in India... Vocal for Local... Make in Chhattisgarh...




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com